Under CSR Support by Ipca Foundation missiongyan

# अध्याय - 5 | प्राकृतिक वनस्पति तथा वन्य प्राणी

QUIZ PART-01

1. **भारत विश्व के कितने प्रमुख जैव विविधता वाले देशों में से एक है?**
   A. 10
   B. 12
   C. 15
   D. 20 (B)

*व्याख्या:* भारत विश्व के 12 प्रमुख जैव विविधता वाले देशों में से एक है।

2. **भारत में कुल लगभग कितनी पौधों की प्रजातियाँ पाई जाती हैं?**
   A. 27,000
   B. 37,000
   C. 47,000
   D. 57,000 (C)

*व्याख्या:* भारत में लगभग 47,000 पौधों की प्रजातियाँ पाई जाती हैं।

3. **फूल वाले पौधों की कुल प्रजातियों में से भारत का योगदान कितना है?**
   A. 2%
   B. 4%
   C. 6%
   D. 8% (C)

*व्याख्या:* भारत में 15,000 फूल वाले पौधे पाए जाते हैं, जो विश्व के कुल फूल वाले पौधों की संख्या का लगभग 6% है।

4. **भारत पौधों की विविधता में विश्व स्तर पर किस स्थान पर है?**
   A. 5वाँ
   B. 7वाँ
   C. 10वाँ
   D. 12वाँ (C)

*व्याख्या:* पौधों की विविधता में भारत विश्व स्तर पर 10वें स्थान पर है।

5. **एशिया में पौधों की विविधता में भारत का कौन-सा स्थान है?**
   A. पहला B. दूसरा
   C. तीसरा D. चौथा (D)

*व्याख्या:* एशिया में पौधों की विविधता के मामले में भारत चौथे स्थान पर है।

6. **भारत में पशु प्रजातियों की कुल संख्या लगभग कितनी है?**
   A. 50,000
   B. 70,000
   C. 90,000
   D. 1,10,000 (C)

*व्याख्या:* भारत में लगभग 90,000 पशु प्रजातियाँ पाई जाती हैं।

7. **प्राकृतिक वनस्पति किसे कहते हैं?**
   A. मनुष्य द्वारा कृत्रिम रूप से उगाई गई वनस्पति
   B. जो प्राकृतिक रूप से बिना मानवीय सहायता के उगी हो
   C. केवल खेतों में उगाई गई फसल
   D. केवल व्यावसायिक पौधे (B)

*व्याख्या:* प्राकृतिक वनस्पति वह होती है जो मनुष्य की सहायता के बिना स्वाभाविक रूप से विकसित होती है।

8. **वे पौधे जो भारत के बाहर से लाए गए हैं, उन्हें क्या कहा जाता है?**
   A. देशज पौधे B. विदेशी पौधे
   C. स्थायी पौधे D. अक्षत पौधे (B)

*व्याख्या:* जो पौधे भारत के बाहर से लाए गए हैं उन्हें विदेशी पौधे कहा जाता है।

9. **किसी विशेष क्षेत्र में किसी समय में पौधों की उत्पत्ति को क्या कहा जाता है?**
   A. जीव जगत
   B. प्राणी जगत
   C. वनस्पति जगत
   D. पर्यावरण (C)

*व्याख्या:* किसी विशेष क्षेत्र में किसी समय में पौधों की उत्पत्ति को वनस्पति जगत कहा जाता है।

10. **भारत के ताजे और समुद्री जल में किसकी विविधता अत्यधिक है?**
   A. उभयचर
   B. मछलियाँ
   C. सरीसृप
   D. पक्षी (B)

*व्याख्या:* भारत के ताजे और समुद्री जल में मछलियों की विविधता अत्यधिक है।